7115(E)
7/10/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक 07/10/2026.. को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अन्तर्गत Construction of Pathway in both side of NH-31 Town Portion road near Dak Banglow via Bihar Talkies More to GMCH (Govt. Medical College & Hospital) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री आशुतोष कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1517(अनु०) दिनांक–10.09.2026 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–05.09.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

2.1	कार्य का नाम	:	Construction of Pathway in both side of NH-31 Town Portion road near Dak Banglow via Bihar Talkies More to GMCH (Govt. Medical College & Hospital) for the year 2025-26
2.2	योजना मद	:	5054
2.3	निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम	:	पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ।
2.4	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹225.47 लाख। विभागीय ज्ञापांक–2012(एस०) दिनांक–27.02.2026
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹196.06 लाख मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–511(अनु०) दिनांक–20.03.2026
2.6	परिमाण विपत्र की राशि	:	₹161.49715 लाख।
2.7	कार्य समाप्ति की अवधि	:	09 (Nine) Months

2.8	निविदा की प्रक्रिया	:	ई–टेंडरिंग (F2)
2.9	निविदा प्राप्ति की तिथि	:	09.07.2026
2.10	प्राप्त निविदा की संख्या	:	06 (छः) अदद यथा:–
	(i) Maa Kamakhya Traders		(ii) Trimurty Concern Pvt. Ltd.
	(iii) Kumar Gaurav		(iv) Rainalco Constructions
	(v) M/s Wincon		(vi) Avendex Pvt. Ltd.
2.11	तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग	:	मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1491 दिनांक–05.09.2026
2.12	परिवाद की स्थिति	:	परिवाद प्राप्त नहीं है।
2.13	प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण	:	पुनर्निविदा है। प्रथम बार निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप प्राप्त निविदा को रद्द करते हुए विभागीय ज्ञापांक–4180(ई०) दिनांक–19.06.2026 द्वारा पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश प्राप्त।

3. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय:–</u>

3.1 विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा में 06 (छः) निविदाकारों यथा (1) Maa Kamakhya Traders (2) Trimurty Concern Pvt. Ltd. (3) Kumar Gaurav (4) Rainalco Constructions (5) M/s Wincon एवं (6) Avendex Pvt. Ltd. द्वारा भाग लिया गया है।

3.2 छः निविदाकारों में से तीन निविदाकार यथा (1) Maa Kamakhya Traders (2) Kumar Gaurav एवं (3) M/s Wincon द्वारा अग्रधन की राशि Online के माध्यम से तथा निविदाकार Trimurty Concern Pvt. Ltd. द्वारा अग्रधन की राशि BG के रूप में समर्पित की गयी है, जिसका संबंधित बैंक से निर्गत होने की संपुष्टि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ द्वारा करा लिया गया है। निविदाकार Rainalco Construction द्वारा अग्रधन की राशि प्राप्त नही है। निविदाकार Avednex Private Limited के अग्रधन की राशि, पुनर्निविदा हेतु भुगतान की जाने वाली अन्य राशि तथा Cost of BOQ एवं Bid Processing Fee के विरूद्ध भी WIP अंकित है।

3.3 निविदाकारों द्वारा पुनर्निविदा के साथ अपलोड किये गये कार्य अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ द्वारा संबंधित कार्यालय से कराया गया है। एक निविदाकार Avednex Private Limited द्वारा कार्य अनुभव संबंधी कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किया गया है।

3.4 निविदाकार Rainalco Constructions द्वारा अग्रधन की राशि समर्पित नहीं की गयी है, जो NIT की कंडिका–14 एवं 15 में वांछित अर्हत्ता के अनुरूप नहीं है। साथ ही निविदाकार द्वारा Experience of Similar Nature of Work के तहत् एक भी Road Work से संबंधित कार्य, जिसमें विषयगत् योजना के BOQ में निर्दिष्ट Common and Major Items यथा Earth Work, GSB तथा Paver Block का कार्य एक साथ मौजूद हो अपलोड नहीं किया गया है, जो विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के Sl.-No.4.1.4 में वांछित अर्हत्ता के अनुरूप नहीं है। उक्त निविदाकार का पथ निर्माण विभाग में पंजीकरण से संबंधित दस्तावेज पुनर्निविदा के साथ संलग्न नहीं किया गया है, जो NIT की कंडिका–10 में वांछित अर्हत्ता के अनुरूप नहीं है। इस प्रकार निविदाकार Rainalco Constructions द्वारा पुनर्निविदा में वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

3.5 निविदाकार Maa Kamakhya Traders द्वारा निविदा में अपलोडेड अनुभव प्रमाण–पत्र में से कोई भी ऐसा कार्य नहीं है, जिसमें विषयगत् योजना के BOQ में निर्दिष्ट Common and Major Items यथा Earth Work, GSB पथा Paver Block का कार्य एक साथ मौजूद हो, जो विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के Sl. No.-4.1.4 में वांछित अर्हत्ता के अनुरूप नहीं है। इसके अतिरिक्त निविदाकार द्वारा विभागीय पत्रांक–7930(E) दिनांक–26.11.2025 के अनुरूप Existing Commitment हेतु Engineer(s)-In-Charge के स्तर से निर्गत वांछित दस्तावेज निविदा के साथ अपलोड नहीं की गयी है। इस प्रकार निविदाकार Maa Kamakhya Traders द्वारा पुनर्निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

3.6 निविदाकारों (1) Trimurty Concern Pvt. Ltd. एवं (2) M/s Wincon द्वारा निविदा में अपलोडेड अनुभव प्रमाण–पत्र में से कोई भी ऐसा कार्य नहीं है, जिसमें विषयगत् योजना के BOQ में निर्दिष्ट Common and Major Items यथा Earth Work, GSB तथा Paver Block का कार्य एक साथ मौजूद हो, जो विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के Sl. No.-4.1.4 में वांछित अर्हत्ता के अनुरूप नहीं है।

इस प्रकार (1) Trimurty Concern Pvt. Ltd. एवं (2) M/s Wincon द्वारा पुनर्निनिविदा में वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

3.7 शेष एक मात्र निविदाकार Kumar Gaurav द्वारा F2 आधारित निविदा की सभी वांछित न्यूनतम अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

4. अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–

4.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1517(अनु०) दिनांक–10.09.2026 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–05.09.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं के आधार पर अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णय निम्नवत् है :–

4.2 पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अन्तर्गत **Construction of Pathway in both side of NH-31 Town Portion road near Dak Banglow via Bihar Talkies More to GMCH (Govt. Medical College & Hospital) for the year 2025-26** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में पाँच निविदाकारों यथा (1) **Avednex Private Limited** द्वारा कार्य अनुभव संबंधी कोई दस्तावेज संलग्न नहीं किये जाने के कारण (2) **Rainalco Constructions** को NIT की कंडिका–14 एवं 15 के तहत् तथा (3) **Maa Kamakhya (4) Trimurty Concern Pvt. Ltd.** (5) **M/s Wincon** को विभागीय ज्ञापांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के Sl.No.-4.1.4 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल एवं एक निविदाकार **Kumar Gaurav** को भवन निर्माण विभाग, बिहार का आदेश–सह–पठित ज्ञापांक–6612(भ) दिनांक–17.07.2026 के आलोक में एक वर्ष के लिए निलंबित किये जाने के फलस्वरूप तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3 विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा में किसी भी निदिाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप पुनर्निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

4.4 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

07/10/26

(मजीद अहमद)
आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

07.10.2026

(आशुतोष कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता,
सीमांचल उपभाग,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

7/10/26

(विजय कुमार)
मुख्य अभियंता,
अनुश्रवण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

07/10/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–38/2026 7115(E) पटना, दिनांक 07/10/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/10/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।